*नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त*

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com

वेबसाइट : www.hindivishwa.org

# हिंदी विश्वविद्यालय में मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**विश्वविद्यालय और आरोग्यधाम, सेवाग्राम में संयुक्त रूप से अनेक कार्यक्रमों का आयोजन**

दि. 22 जून 2015: अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में रविवार दि. 21 जून को महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय का विनोबा योग मंडल, राष्ट्रीय सेवा योजना तथा आरोग्यधाम, महात्मा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, सेवाग्राम के संयुक्त तत्वावधान में योग से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।



विश्वविद्यालय के नागार्जुन सराय अतिथि गृह के फेकल्टी एण्ड ऑफिसर्स क्लब में प्रार्थना, योगासन एवं संकल्प तथा स्वस्थ जीवन के लिए योग विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया जिसमें अध्यापक, अधिकारी एवं विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।




अनेकांत स्वाध्याय मंदिर के डॉ. सुरेंद्र जैन एवं डॉ. प्रशांत रोकड़े ने विभिन्न आसन सिखाएं तथा आसनों एवं प्राणायाम के महत्व को बताया। योग पर परिचर्चा में जेबीटीडीआरसी के निदेशक तथा महात्मा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, सेवाग्राम के समन्वयक डॉ. बी. सी. हरिनाथ एवं सेवाग्राम के मनोचिकित्सा विभाग के प्रोफेसर डॉ. प्रवीण खैरकार ने योग और स्वस्थ जीवन के परस्पर संबंधों पर अपनी बात रखी। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने की। कार्यक्रम की भूमिका विनोबा योग मंडल के संयोजक डॉ. अरूण प्रताप सिंह ने रखी तथा संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक डॉ. अनवर अहमद सिद्दीकी ने किया। उपस्थितों को आभार बी. एस. मिरगे ने माना। योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित निबंध प्रतियोगिता में सहभागी विद्यार्थियों को कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र द्वारा प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गये। इस अवसर पर डॉ. ओ. पी. गुप्ता, प्रो. मनोज कुमार, डॉ. नृपेंद्र प्रसाद मोदी ने योग के महत्व को बताया।



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का सायंकालीन सत्र महात्मा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, सेवाग्राम के आरोग्यधाम में संपन्न हुआ जिसमें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्सव, आसन एवं प्राणायाम का प्रदर्शन और ध्यान संकल्प, योग पर वीडियो का प्रदर्शन तथा हेल्थ फूड आदि का आयोजन किया गया।




योगेश एवं बबीता सोनी ने उपस्थितों को योग एवं प्राणायाम आदि की जानकारी दी तथा प्रात्याक्षिक कराए। कार्यक्रम में महात्मा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान के डीन प्रो. के. आर. पातोंड, प्रो. बी. एस. गर्ग, डॉ. प्रतिभा



नारंग, डॉ. बी. सी. हरिनाथ, डॉ. ओ. पी. गुप्ता, डॉ. एस. कुमार, डॉ. प्रवीण खैरकर, डॉ. चेतना मलिये, डॉ. नीना नरूला, डॉ. रमेश बाबू, डॉ. दिलीप गुप्ता, डॉ. सुबोध गुप्ता, हिंदी विश्वविद्यालय के प्रो. अनिल कुमार राय, डॉ. अनवर अहमद सिद्दीकी, डॉ. अरूण प्रताप, बी. एस. मिरगे समेत महात्मा गांधी आयुर्विज्ञान

संस्थान एवं हिंदी विवि के विद्यार्थी तथा कर्मी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

